# करीब 6 महीने की आयु से आपके बच्चे की भाषा

**6 महीने की आयु से आपके बच्चे की भाषा के बारे में कुछ जानकारी**

- आपके बच्चे के पास इस दुनिया में ढूँढ निकालने के लिए बहुत सी चीज़ें हैं! आपका बच्चा क्या देख रहा है इस पर ध्यान दें और फिर उस चीज़ के लिए शब्द प्रदान करें। बड़ी और छोटी, सभी रोमांचक चीज़ों को साथ मिलकर ढूँढ निकालें!
- आपका बच्चा पहले से ही अपने चेहरे के हाव-भावों, आवाज़ों और हरकतों का इस्तेमाल करके आपसे बातें कर रहा है। जल्द ही वह डा-डा और टा-टा जैसे शब्दों की तरह आवाज़ें भी निकालना शुरू कर देगा।
- आखिरकार आपका बच्चा देखो जैसे भावों को और मम और डैड जैसे शब्दों को समझना शुरू कर देता है।
- आपके बच्चे को आपसे बातें करना, लुका छिपी खेलना और इटसी बिटसी स्पाइडर और बेकी बेकी लिटिल केकी जैसे गाना गाने के आसान खेलों में शामिल होना अच्छा लगने लगेगा।

**सभी चीज़ों के बारे में बात करना**

अपने बच्चे से हर उस चीज़ के बारे में बातें करें जिसमें वह दिलचस्पी लेता है। खाने-पीने की चीज़ों, कपड़ों, आप जो भी देखते हैं और बच्चा जो भी करता है इन सबके बारे में बातें करें। बच्चे को बातचीत जारी रखने के लिए बढ़ावा देने के लिए अपना पूरा ध्यान देते हुए उसकी बातें सुनें। उसे काफ़ी समय दें!

**बदलाव लाना और अनुकूल बनाना**

बच्चे की आवाज़ को दोहराएँ, अंदाज़ा लगाएँ कि उसका क्या मतलब है और फिर उसे शब्दों में ज़ाहिर करें। जारी रखने से पहले बच्चे की तरफ़ से आवाज़ों या हरकतों से जवाब देने का इंतज़ार करें। बच्चा पहले से ही बारी-बारी से बोलना और शब्दों और चीज़ों के बीच रिश्ते को समझना सीखने लगा है।

**भाषा से खेलना**

गाने गाएँ, कविता करें, सुर में शब्द दोहराएँ और गीत गाने के खेल खेलें। अपने हाथ-पैरों की उंगलियों का इस्तेमाल करें, चहकें, गुनगुनाएँ और खूब मज़े करें! आपकी लाइब्रेरी में किताबें, गाने और संगीत उपलब्ध है जिसे आप घर ले जा सकते हैं।

**साथ मिलकर बातें करें और पढ़ें**

जब आपका बच्चा आपकी निगाहों और इशारा करने की दिशा में देखने लगे, तो रंग भरने की किताब उसे रोमांचक अनुभव देती है। तस्वीरों की तरफ़ इशारा करते हुए उनके बारे में बातें करें। इस पर ध्यान दें कि किसी चीज़ में आपके बच्चे की दिलचस्पी है। शुरू-शुरू में यह दिलचस्पी थोड़े समय के लिए ही रहती है, लेकिन धीरे-धीरे बच्चे की ध्यान देने की क्षमता में बढ़ोतरी होने लगती है।

**अपनी मातृभाषा में बातचीत करें**

अपनी असली भाषा में बात करें, गाएँ और पढ़ें। दुनिया में ज़्यादातर बच्चे बहुत सी भाषाएँ बोली जाने वाले माहौल में रहते हैं और एक से ज़्यादा भाषाएँ सुनते-समझते हुए बड़े होने के सिर्फ़ लाभ ही लाभ हैं।

**ज़्यादा जानकारी पाएँ**

- बुकस्टार्ट के बारे में यहाँ और पढ़ें: www.bokstart.se
- अगर आप अपने बच्चे की भाषा के विकास को लेकर फ़िक्रमंद हैं, तो बाल स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। आप प्रीस्कूल स्टाफ़ के साथ भी अपने बच्चे की भाषा के विकास के बारे में बात कर सकते हैं।

सरकार द्वारा स्वीडिश आर्ट्स काउंसिल को यह आदेश दिया गया है कि वह छोटे बच्चों को पढ़ने के लिए बढ़ावा दे और उनकी भाषा के विकास को प्रेरित करे। बुकस्टार्ट एक राष्ट्रीय पहल है जिसका लक्ष्य माता-पिता और बच्चों के करीब रहने वाले वयस्क हैं।

Bokstart

Hindi

# करीब 1 वर्ष की आयु से बच्चे की भाषा

**1 वर्ष की आयु से आपके बच्चे की भाषा के बारे में कुछ जानकारी**

- बच्चा आपको कुछ बताने के लिए इशारों और आवाज़ों का इस्तेमाल करता है।
- उसके पहले शब्द यहाँ और अभी के बारे में होते हैं, जैसे कि बॉल, टेडी बेयर और देखो।
- आपका बच्चा जितना ज़ाहिर कर सकता है वह उससे कहीं ज़्यादा शब्दों को समझ सकता है, लेकिन उसे मतलब निकालने और अपनी राय देने के लिए आपकी मदद की ज़रूरत पड़ती है।

**बच्चे की दिलचस्पी को ध्यान में रखें**

आप अपने दैनिक जीवन में जो भी चीज़ें देखते और करते हैं उन सभी का इस्तेमाल अपने बच्चे की भाषा का विकास करने के लिए कर सकते हैं। ठीक इस समय बच्चा जिस चीज़ को पहचान रहा है उसे शब्दों में ज़ाहिर करें। जब बच्चा वहाँ बोलकर एक बिल्ली की तरफ़ इशारा करता है, तो जवाब में आप कह सकते हैं: हाँ, वो एक बिल्ली है। क्या तुम्हें वो बिल्ली पसंद है? बच्चे के जवाब का इंतज़ार ज़रूर करें।

**ध्यान दें और ध्यान से सुनें**

जब आप अपने बच्चे की तरफ़ अपना पूरा ध्यान देते हैं और उसकी बातों को ध्यान से सुनते हैं, तो बच्चे को लगता है कि आपकी राय में वह संदेश ज़रूरी है, भले ही बच्चा एक शब्द कहे, इशारा करे या आपको कोई और बात बताए। आपके जवाबों से बच्चा सीखता है कि बात करते समय बारी-बारी से बोलना चाहिए।

**भाषा से खेलना**

गाने गाएँ, कविता करें, सुर में शब्द दोहराएँ और गीत गाने के खेल खेलें। अपने हाथ-पैरों की उंगलियों का इस्तेमाल करें, चहकें, गुनगुनाएँ और खूब मज़े करें!

**कहानियाँ बनाएँ और उन्हें सुनाएँ**

उन्हें बताएँ कि उनका टेडी बेयर क्या कर रहा है या बाहर से गुज़र रही बस कहाँ जा रही है। परिवार के लोगों और दोस्तों की फ़ोटो के बारे में बात करें। बच्चे को अलग-अलग प्रसंगों में नए शब्दों को बहुत बार सुनने की ज़रूरत पड़ती है।

**आसान तस्वीरों वाली किताबें पढ़ें**

अब आप तस्वीरों वाली किताबों का इस्तेमाल करना शुरू कर सकते हैं। शुरू में, आप साथ मिलकर तस्वीरों की तरफ़ देखते हुए इशारा करें। शुरुआत में, अगर आप खुद कहानी सुनाते हैं, तो आसानी रहती है, लेकिन बाद में बच्चा किताब में दिए हुए पाठ को सुन सकता है। आपकी लाइब्रेरी से आपको घर के लिए उधार ली जा सकने वाली किताबों पर सुझाव मिल सकते हैं।

**अपनी मातृभाषा में बातचीत करें**

अपनी असली भाषा में बात करें, गाएँ और पढ़ें। दुनिया में ज़्यादातर बच्चे बहुत सी भाषाएँ बोली जाने वाले माहौल में रहते हैं और एक से ज़्यादा भाषाएँ सुनते-समझते हुए बड़े होने के सिर्फ़ लाभ ही लाभ हैं।

## ज़्यादा जानकारी पाएँ

- बुकस्टार्ट के बारे में यहाँ और पढ़ें: www.bokstart.se
- अगर आप अपने बच्चे की भाषा के विकास को लेकर फ़िक्रमंद हैं, तो बाल स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। आप प्रीस्कूल स्टाफ़ के साथ भी अपने बच्चे की भाषा के विकास के बारे में बात कर सकते हैं।

सरकार द्वारा स्वीडिश आर्ट्स काउंसिल को यह आदेश दिया गया है कि वह छोटे बच्चों को पढ़ने के लिए बढ़ावा दे और उनकी भाषा के विकास को प्रेरित करे। बुकस्टार्ट एक राष्ट्रीय पहल है जिसका लक्ष्य माता-पिता और बच्चों के करीब रहने वाले वयस्क हैं।

Bokstart

# करीब 18 महीने की आयु से आपके बच्चे की भाषा

**18 महीने की आयु से आपके बच्चे की भाषा के बारे में कुछ जानकारी**

- इस आयु के बहुत से बच्चे में रोज़मर्रा के करीब 200 शब्द समझने की क्षमता होती है।
- बच्चे कुछ शब्दों का इस्तेमाल खुद करते हैं, लेकिन अलग-अलग प्रसंगों में उन शब्दों का अलग-अलग मतलब हो सकता है।
- कुछ बच्चे शब्दों को इकट्ठे बोलना शुरू कर देते हैं, जैसे कि मम्मी कार या डॉगी वहाँ।

**एक दूसरे से बहुत सारी बातें करें**

अलग-अलग हालातों में आप क्या करते हैं इस बारे में बातें करें। अपने बच्चे को बताएँ कि क्या चल रहा है और आप जो कर रहे हैं उसे शब्दों में ज़ाहिर करें। बड़े ध्यान से सुनें कि आपका बच्चा क्या सोचता और महसूस करता है। अपने बच्चे को ढेर सारा समय दें।

**बच्चा जो भी कहता है उस बात को पक्का करें और आगे बढ़ाएँ।**

अपने बच्चे के खुद के शब्दों का इस्तेमाल करके और साथ में नए शब्द जोड़कर आप अपने बच्चे की भाषा का विकास करने में उसकी मदद कर रहे हैं। अगर बच्चा "नमनम" बोलता है, तो आप कह सकते हैं: हाँ, ये खाना है और अब हम खाना खाने वाले हैं। अगर आपका बच्चा कैट कहने के बजाय टैट कहता है, तो इस आयु में यह कोई अजीब बात नहीं है। ऐसे में बच्चे को सुधारें नहीं, बल्कि खुद कैट शब्द का इस्तेमाल करें जिसे सुनकर बच्चे को पता चल जाएगा कि यह शब्द कैसा सुनाई देना चाहिए।

**बच्चे की अपनी दुनिया से जुड़ जाएँ**

अगर आप नई चीज़ों को किसी ऐसी चीज़ से जोड़ते हैं जिसके बारे में बच्चा पहले से जानता है, तो नई चीज़ें सीखना आसान हो जाता है। अगर आप पैंट की तस्वीर देख रहे हैं, तो आप बच्चे की पैंट की तरफ़ इशारा करके बोल सकते हैं: तुम भी किताब में बच्चे की तरह पैंट पहनते/पहनती हो।

**साथ मिलकर बातें करें और पढ़ें**

अब आपका बच्चा बहुत सी अलग-अलग तरह की किताबों का मज़ा ले सकता है जिनके बारे में आप साथ मिलकर बातें कर सकते हैं। किताबों में क्या हो रहा है इस बारे में ओपन-एंडेड सवाल (जिनके जवाब विस्तार से दिए जा सकते हैं) पूछें और इन्हें बच्चे के अनुभवों से जोड़ें: तुम्हें क्या लगता है...? क्या तुम्हें याद है...?

**अपनी मातृभाषा में बातचीत करें**

अपनी असली भाषा में बात करें, गाएँ और पढ़ें। दुनिया में ज़्यादातर बच्चे बहुत सी भाषाएँ बोली जाने वाले माहौल में रहते हैं और एक से ज़्यादा भाषाएँ सुनते-समझते हुए बड़े होने के सिर्फ़ लाभ ही लाभ हैं।

## ज़्यादा जानकारी पाएँ

- बुकस्टार्ट के बारे में यहाँ और पढ़ें: www.bokstart.se
- अगर आप अपने बच्चे की भाषा के विकास को लेकर फ़िक्रमंद हैं, तो बाल स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। आप प्रीस्कूल स्टाफ़ के साथ भी अपने बच्चे की भाषा के विकास के बारे में बात कर सकते हैं।

सरकार द्वारा स्वीडिश आर्ट्स काउंसिल को यह आदेश दिया गया है कि वह छोटे बच्चों को पढ़ने के लिए बढ़ावा दे और उनकी भाषा के विकास को प्रेरित करें। बुकस्टार्ट एक राष्ट्रीय पहल है जिसका लक्ष्य माता-पिता और बच्चों के करीब रहने वाले वयस्क हैं।

Bokstart

Hindi

# करीब 3 वर्ष की आयु से बच्चे की भाषा

**3 वर्ष की आयु से आपके बच्चे की भाषा के बारे में कुछ जानकारी**

- अब बहुत से बच्चे कई सौ शब्द समझने की क्षमता रखते हैं। वे शब्दों को जोड़कर वाक्य बना लेते हैं और छोटी-छोटी बातचीत करना शुरू कर देते हैं।
- इस आयु में बच्चा बहुत से सवाल पूछता है और यह समझना शुरू कर देता है कि शब्दों का कैसे इस्तेमाल करना है और उनसे कैसे खेलना है।
- आपके बच्चे के साथ जो-जो चीज़ें हो चुकी हैं वह उनके बारे में आपको बताना शुरू कर देता है और आपकी बातें सुनकर उसे मज़ा आता है।

**अक्षरों और शब्दों को ढूँढ निकालें**

प्री-स्कूल की आयु में बहुत से बच्चों में अक्षरों और शब्दों के बारे में जानने की तेज़ इच्छा होती है। जब आपका बच्चा दिलचस्पी दिखाए, तो चिन्हों और पैकेजिंग को पढ़ते हुए उनकी तरफ़ इशारा करें। साथ ही, अपने आसपास मौजूद चिन्हों और संकेतों को साथ मिलकर ढूँढ निकालें और उनके मतलब के बारे में आपस में बात करें।

**नए शब्दों का मतलब समझाएँ**

दैनिक जीवन में जो कुछ भी होता है और आप जो भी देखते हैं इसके बारे में बात करने के लिए निःसंकोच नए शब्दों का इस्तेमाल करें। बच्चे को जो शब्द समझ नहीं आते हैं उन्हें समझाएँ: समुंदर तालाब जैसा ही होता है, बस वो बहुत-बहुत बड़ा होता है। या: जब हम समुंदर के किनारे (बीच पर) जाते हैं, तो हम समुंदर में तैरते हैं।

**उससे बातें करें**

दिनभर क्या-क्या हुआ इस बारे में बातें करें। जैसे कि आपके बच्चे ने प्रीस्कूल में कोई काम किया जिसके बारे में आपने सुना या उसे करते हुए देखा, तो इस बारे में उससे पूछें और आपको और ज़्यादा बताने के लिए उसे बढ़ावा दें।

तीन वर्ष की आयु के ज़्यादातर बच्चे शब्दों को उस तरीके से नहीं बोलते जैसे हम वयस्क बोलते हैं। जब आपको कोई शब्द कुछ अलग सा सुनाई दे, तो आप खुद उसे सही तरीके से बोलें और आखिर में बच्चा भी उसे सही तरीके से बोलना शुरू कर देगा।

**साथ मिलकर पढ़ें**

हर रोज़ कुछ देर पढ़ने की आदत डालें। बहुत से बच्चों की एक मनपसंद किताब होती है जिसे वे बार-बार पढ़ना चाहते हैं। तस्वीरों वाली किताबों में अब पेचीदा कहानियाँ हो सकती हैं, लेकिन अब भी पूरा ध्यान बातें करने और पढ़ने पर ही दिया जाता है।

किताब किस बारे में है इस पर बातचीत करने के लिए बच्चे को बुलाएँ और चर्चा के दौरान उसे सवाल पूछने के लिए बढ़ावा दें। जब बच्चा पूछे, तो रुक जाएँ, उसे ध्यान से सुनें और फिर साथ मिलकर विचार करें।

याद रखें कि खेलने की प्रक्रिया बच्चे के लिए सीखने का तरीका है। इसलिए इकट्ठे खेलें, पढ़ें, गाएँ और कहानियाँ सुनाएँ। कविताएँ और गाने अब भी उसे खुश करते हैं। किताबें पढ़ना नए शब्दों को सीखने का बेहतरीन तरीका है!

**अपनी मातृभाषा में बातचीत करें**

अपनी असली भाषा में बात करें, गाएँ और पढ़ें। दुनिया में ज़्यादातर बच्चे बहुत सी भाषाएँ बोली जाने वाले माहौल में रहते हैं और एक से ज़्यादा भाषाएँ सुनते-समझते हुए बड़े होने के सिर्फ़ लाभ ही लाभ हैं।

## ज़्यादा जानकारी पाएँ

- बुकस्टार्ट के बारे में यहाँ और पढ़ें: www.bokstart.se
- अगर आप अपने बच्चे की भाषा के विकास को लेकर फ़िक्रमंद हैं, तो बाल स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। आप प्रीस्कूल स्टाफ़ के साथ भी अपने बच्चे की भाषा के विकास के बारे में बात कर सकते हैं।

सरकार द्वारा स्वीडिश आर्ट्स काउंसिल को यह आदेश दिया गया है कि वह छोटे बच्चों को पढ़ने के लिए बढ़ावा दे और उनकी भाषा के विकास को प्रेरित करे। बुकस्टार्ट एक राष्ट्रीय पहल है जिसका लक्ष्य माता-पिता और बच्चों के करीब रहने वाले वयस्क हैं।

Bokstart